भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

30 अप्रैल 2024, मंगलवार

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह की गुवाहाटी, असम में प्रेस वार्ता के मुख्य बिंदु

SC, ST और OBC के आरक्षण में किसी एक राजनीतिक दल ने डाका डाला है, तो वह कांग्रेस है

****

आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में SC, ST और OBC का हक मारकर मुसलमानों को आरक्षण देने का काम कांग्रेस ने किया

****

SC, ST और OBC के आरक्षण की सबसे बड़ी समर्थक भाजपा है

****

राहुल गांधी ने कांग्रेस की कमान संभाल कर सिर्फ राजनीति का स्तर नीचे गिराया है

****

देश की मातृशक्ति के साथ खड़ी है भाजपा

****

अपनी परम्परागत सीटें छोड़कर भाग गया गांधी परिवार

****

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को असम के गुवाहाटी स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कांग्रेस सहित इंडी एलायंस द्वारा भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने के भ्रामक और फेक ख़बरों को प्रसारित करने को लेकर जम कर हमला बोला। उन्होंने फेक वीडियो के माध्यम से जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की कठोर आलोचना की। प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों के समक्ष कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठे और उनके द्वारा दिए गए मूल वक्तव्य का असली वीडियो भी प्रस्तुत किया गया।

श्री शाह ने कहा कि चुनाव के 7 चरणों में से 2 चरण के चुनाव समाप्त हो चुके हैं और भाजपा के आंतरिक मूल्यांकन के अनुसार भारतीय जानता पार्टी व सहयोगी दल मिलकर पहले दो चरणों में ही 100 से अधिक सीटों पर विजयी होने जा रही है। जनता के आशीर्वाद और समर्थन से एनडीए अपने 400 पार के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। असम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में भाजपा को बहुत बड़ी चुनावी सफलता मिलती दिखाई दे रही है। इसके साथ ही कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु में से तीन राज्यों में मतदान

हो चुका है और इन राज्यों में भी भारतीय जनता पार्टी को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एनडीए निश्चित रूप से 400 पार का लक्ष्य पूरा करने जा रहा है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस, एनडीए के 400 पार के लक्ष्य को संविधान बदलने का लक्ष्य बता कर दुष्प्रचार कर रही है। कांग्रेस जनता में अफवाह फैला रही है कि 400 पार करने के बाद भारतीय जनता पार्टी आरक्षण को समाप्त कर देगी। यह दोनों बातें निराधार और तथ्यहीन हैं। इस देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत 2014 और 2019 में भी दिया था। भाजपा 10 वर्षों से पूर्ण बहुमत की सरकार चला रही है लेकिन इसका दुरुपयोग कांग्रेस की तरह आपातकाल लगाने और लोकसभा का कार्यकाल बढ़ाने के लिए नहीं किया। भाजपा ने पूर्ण बहुमत का उपयोग धारा 370, तीन तलाक समाप्त करने, अंग्रेजों के कानून बदलकर भारतीय पद्धति के कानून लाने में, कोरोना से लड़ने में और प्रभु श्रीराम के मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए किया है। कांग्रेस पार्टी झूठ फैलाकर जनता के बीच भ्रांति पैदा करना चाहती है।**

श्री शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान सम्मत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ वर्ग के आरक्षण की समर्थक है और सदैव इसकी रक्षा करेगी। यही घोषणा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी अपने जन उद्बोधनों में कई बार की है। परंतु **कांग्रेस ने पहले तो संयुक्त आंध्र प्रदेश में एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर वर्ग विशेष को धर्म के आधार पर आरक्षण दिया और फिर कर्नाटक में पूरे मुस्लिम समुदाय की गिनती पिछड़े वर्ग में कर उनके लिए 4 प्रतिशत आरक्षण तय कर दिया। भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि धर्म आधारित आरक्षण गैर संवैधानिक है और इन राज्यों में भाजपा की सरकार आने पर इस धर्म आधारित आरक्षण को समाप्त कर एससी, एसटी और ओबीसी को न्याय दिया जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस द्वारा उनका फेक वीडियो प्रसारित किए जाने पर कहा कि **कांग्रेस द्वारा मेरा फेक वीडियो प्रसारित करने का कृत्य उनकी हताशा और निराशा का द्योतक है। कांग्रेस फेक वीडियो से जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है और कांग्रेस के बड़े नेताओं ने इस फेक वीडियो का समर्थन किया है।** लेकिन **भारतीय जनता पार्टी ने असली वीडियो सबके समक्ष रखा है जिससे कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ का सत्य उजागर हो गया है।**

श्री शाह ने कहा कि **जब से राहुल गांधी ने कांग्रेस की कमान संभाली है तभी से वह राजनीति के स्तर को निचले से निचले स्तर पर गिरा रहे हैं। लोकसभा में चर्चा न होने देना, राज्यसभा में बहस का बहिष्कार करा देना और निराधार झूठ बोलकर जनता में अफवाह फैलाना, इसी निम्नस्तरीय राजनीति के उदाहरण हैं और ये काम उनके नेतृत्व में कांग्रेस लगातार कर रही है। अब फेक विडियो प्रसारित कर फर्जी जनसमर्थन प्राप्त करने का ये प्रयास अत्यंत निंदनीय है और भारतीय राजनीति में किसी प्रमुख दल द्वारा ऐसा कभी नहीं किया गया।**

माननीय गृह मंत्री ने प्रेस वार्ता में उपस्थित पत्रकारों से निवेदनार्थ कहा कि **पत्रकारों को जनता तक सत्य पहुंचाना होगा और जनता को गुमराह होने से बचाना होगा। देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास करने वाले इन दलों को फेक वीडियो प्रसारित करने और भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को तोड़ मरोड़ कर पेश करने की बजाय अपने सिद्धातों, कार्यों और घोषणापत्र के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए।**

****